हरिभूमि
विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 3 अगस्त 2026

06 हनुमान चालीसा पाठ का 140 वां चरण संपन्न



07 भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा और अल्पसंख्यक मोर्चा की...



खबर संक्षेप

आज कलेक्ट्रेट में होंगी कई महत्वपूर्ण बैठकें

विदिशा। कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में विभिन्न विभागों की महत्वपूर्ण बैठकें आयोजित होंगी। सुबह 10:30 बजे 'वंदे मातरम' गायन के बाद 11 बजे टीएल (समय-सीमा) बैठक होगी, जिसमें विभागीय योजनाओं, राजस्व कार्यों और 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों की समीक्षा की जाएगी। शाम 4 बजे जिला गंगा समिति की बैठक आयोजित होगी। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को अद्यतन पीपीटी, आवश्यक अभिलेखों और जानकारी के साथ समय पर उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

मुक्ति धाम की सड़क बदहाल, कीचड़ से अंतिम यात्रा तक प्रभावित



विदिशा। शहर के मुक्ति धाम तक जाने वाली सड़क इन दिनों बदहाल स्थिति में है। लगातार हो रही बारिश के कारण सड़क पूरी तरह कीचड़ में तब्दील हो गई है। जगह-जगह पानी भरने और फिसलन के चलते अंतिम संस्कार में शामिल लोगों, दोपहिया वाहन चालकों और शव वाहन को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह मार्ग शहर के सबसे महत्वपूर्ण और संवेदनशील रास्तों में शामिल है, लेकिन लंबे समय से इसकी मरम्मत और रखरखाव पर ध्यान नहीं दिया गया। बारिश के मौसम में सड़क की हालत और अधिक खराब हो जाती है, जिससे शोकाकुल परिजनों को अंतिम यात्रा के दौरान भी कठिनाइयों से गुजरना पड़ता है। नागरिकों ने नगर पालिका और संबंधित विभाग से सड़क की तत्काल मरम्मत, जल निकासी की उचित व्यवस्था तथा कीचड़ हटाकर आवागमन सुगम बनाने की मांग की है, ताकि लोगों को इस परेशानी से राहत मिल सके।

पेट्रोल में पानी की शिकायत पर हंगामा



विदिशा। बरईपुरा से रामलीला मार्ग स्थित श्री राम एनर्जी पेट्रोल पंप पर 200 का पेट्रोल डलवाने के बाद एक ग्राहक की बाइक बंद हो गई। ग्राहक ने आरोप लगाया कि टैंक से निकले पेट्रोल में बड़ी मात्रा में पानी मिला। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में लोग पंप पर पहुंच गए और प्रशासन से शिकायत की। शिकायत पर जांच टीम मौके पर पहुंची और जांच के बाद पंप संचालक को क्लीन चिट दे दी। पंप संचालक ने कहा कि उनके यहां शुद्ध पेट्रोल ही दिया जाता है, किसी प्रकार की मिलावट या पानी मिलने की कोई संभावना नहीं है तथा वे किसी भी जांच के लिए तैयार हैं।

शहर की सड़कों के गड्ढों से राहगीर परेशान

विदिशा। सावन का माह शुरू हो चुका है और शहर में विभिन्न धार्मिक आयोजन आज से शुरू हो जाएंगे। ऐसे में शहर की सड़कें श्रद्धालुओं के लिए परेशानी का सबब बनेंगी। शहर की मुख्य सड़क छोड़कर सभी वार्डों में स्थित भयंकर खराब है। बारिश होने पर स्थिति और भी गंभीर हो जाती है और वाहन चलाना तक मुश्किल हो जाता है। जो वाहन चालक शहर से बाहर से आते हैं उन्हे सड़कों के गड्ढों का अंदाजा नहीं होता और वह दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। गड्ढों को डामर और सीमेंट कंक्रीट की रिपेयरिंग की जगह मलबा या फिर कोपरा गिट्टी भरकर काम चलाया जा रहा है।

वाहन चैकिंग: शराब पीकर हुड़दंग मचाने वालों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

नशे पर प्रहार: 17 उपद्रवी गिरफ्तार, यातायात नियम तोड़ने वालों को पकड़कर जुर्माना वसूला

सार्वजनिक स्थलों, भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



विदिशा। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर की गई कार्रवाई के दौरान 17 उपद्रवियों को गिरफ्तार किया गया।

जिले में नशे और सार्वजनिक अव्यवस्था के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

कोतवाली पुलिस ने रविवार को कार्रवाई करते हुए शराब पीकर सार्वजनिक स्थानों पर हुड़दंग मचाने, लड़ाई-झगड़ा करने तथा शांति व्यवस्था भंग करने वालों पर कार्रवाई की।

पुलिस ने 17 लोगों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की। इसके साथ ही शहर में वाहन चेकिंग अभियान चलाकर ऑटो और मोटरसाइकिल चालकों द्वारा यातायात नियमों के उल्लंघन पर 3 हजार 500 रुपए की चालानी कार्रवाई भी की गई। यह अभियान पुलिस मुख्यालय के निर्देष पर एसपी रोहित काशवानी के निर्देशन, एएसपी मोनिका तिवारी तथा सीएसपी अतुल सिंह के मार्गदर्शन में कोतवाली टीआई आनंद राज के नेतृत्व में संचालित किया गया।

पुलिस ने शराब दुकानों के आसपास, सार्वजनिक स्थलों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी। इस दौरान शराब के नशे में आमजन के लिए परेशानी का कारण बन रहे लोगों को चिन्हित कर मौके से गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार ऐसे तत्वों के कारण कानून-व्यवस्था और सामाजिक सौहार्द प्रभावित होता है, इसलिए उनके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान वाहन चेकिंग भी समानांतर रूप से जारी रही। पुलिस ने ऑटो और दोपहिया वाहनों की जांच कर हेलमेट, दस्तावेज, यातायात नियमों के पालन सहित अन्य बिंदुओं की पड़ताल की। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालान बनाकर कुल 3 हजार 500 का समन शुल्क वसूला गया। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सड़क सुरक्षा से जुड़े नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ भविष्य में भी इसी तरह सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। प्रतिबंधात्मक कार्रवाई के तहत गिरफ्तार किए गए आरोपियों में मनीष किरार, मनीष दांगी, अरुण सिलावट, बलवीर अहिरवार, राजेश अहिरवार, नितिन शर्मा, आर्यन कटारे, वृन्दावन मालवीय, ऋतिक मालवीय, आकाश सूर्यवंशी, अनुकूल नामदेव, जितेन्द्र मेहरा, करण अहिरवार, संजीव अहिरवार, सोनू अहिरवार, राहुल शाक्य और रोहित शाक्य शामिल हैं।

पुलिस टीम की रही अहम भूमिका

इस अभियान को सफल बनाने में थाना प्रभारी निरीक्षक आनंद राज के साथ उपनिरीक्षक रणवीर सिंह, प्रधान आरक्षक महेंद्र, भागीरथ संजोदिया, धर्मेश, संजय दांगी, अरुण चौकसे तथा आरक्षक योगेश, गजराज दुबे, दीनदयाल, सुनील ओझा, धर्मवीर सिंह, राजेंद्र यादव, ऋषि डांगी, अनिदेश सेंगर, राघवेंद्र सिकरवार, निलेश धाकड़ और अखिलेश राजावत की सराहनीय भूमिका रही। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन, हुड़दंग और यातायात नियमों के उल्लंघन से बचें। कानून-व्यवस्था और सड़क सुरक्षा बनाए रखने के लिए ऐसे विशेष अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे।

बस स्टैंड पर आरक्षक पर छुरी तानने वाला आरोपी गिरफ्तार

सीसीटीवी फुटेज और दबिश के बाद पकड़ाया आरोपी



विदिशा। पुलिस गिरफ्त में आया आरोपी टीटू भेंडा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

बस स्टैंड पर ट्रैफिक पुलिस के प्रधान आरक्षक ओमप्रकाश यादव पर छुरी तानने के मामले में कोतवाली पुलिस ने आरोपी टीटू भेंड़ा को गिरफ्तार कर लिया है। यह घटना शनिवार को हुई थी, जिसके बाद पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठे थे।

शनिवार दोपहर को बस स्टैंड पर ट्रैफिक व्यवस्था संभाल रहे प्रधान आरक्षक पर एक युवक ने अचानक हमला कर दिया। आरोपी ने जवान की गर्दन पकड़कर उसके पेट पर छुरी तान दी। मौके पर मौजूद ऑटो ड्राइवरों और राहगीरों ने साहस दिखाते हुए बीच-बचाव किया, जिससे जवान की जान बच सकी। हंगामे का फायदा उठाकर आरोपी मौके से फरार हो गया था। घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी की तलाश शुरू की। पुलिस अधीक्षक ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी की तलाश के लिए एक विशेष टीम गठित की। आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई और संदिग्ध ठिकानों पर लगातार दबिश दी गई। पुलिस ने रविवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

गश्त बढ़ाने की मांग

शहर के व्यस्ततम बस स्टैंड जैसे इलाके में पुलिस जवान पर खुलेआम हुए इस हमले को लेकर लोगों में चिंता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बस स्टैंड परिसर में लंबे समय से असामाजिक तत्वों और शराबियों का जमावड़ा रहता है, जिससे आए दिन विवाद होते हैं। लोगों ने बस स्टैंड पर पुलिस बल और नियमित गश्त बढ़ाने की मांग की है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में कार्रवाई की जा रही है।

प्रेमचंद जयंती पर संगोष्ठी आयोजित, सत्ता, धर्म और समाज पर हुई सार्थक चर्चा

प्रो. चितरंजन मिश्र बोले: कट्टरता मनुष्यता की शत्रु, डॉ. विजय बहादुर सिंह ने कहा: प्रेमचंद का लेखन अन्याय के विरुद्ध संघर्ष का प्रतीक

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

मुंशी प्रेमचंद की रचनाएं अन्यायपूर्ण व्यवस्था पर सवाल उठाती हैं।

पं. गंगा प्रसाद पाठक ललित कला न्यास के तत्वावधान में महान उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचंद की जयंती के अवसर पर ₹सत्ता, धर्म और समाज₹ विषय पर संगोष्ठी का आयोजन माहेश्वरी ट्रस्ट धर्मशाला, तलैया में किया गया।

कार्यक्रम में गोरखपुर विश्वविद्यालय के पूर्व अध्यक्ष एवं महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा के पूर्व प्रतिकुलपति प्रो. चितरंजन मिश्र ने कहा कि जब समाज, धर्म और विचारधारा कट्टर हो जाते हैं तो वे मनुष्यता के शत्रु बन जाते हैं। उन्होंने कहा कि हिंदी समाज में प्रेमचंद को तुलसी और कबीर जैसी लोकप्रियता प्राप्त है तथा उनके साहित्य में व्यक्ति की आर्थिक स्थिति और श्रम की महत्ता प्रमुख रूप से दिखाई देती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ कवि एवं आलोचक डॉ. विजय बहादुर सिंह ने कहा कि प्रेमचंद की रचनाएं अन्यायपूर्ण व्यवस्था पर सवाल उठाती हैं। उन्होंने 'कफ़न' कहानी का उल्लेख करते हुए कहा कि भूखे व्यक्ति के लिए भोजन अधिक आवश्यक है या मृतक के लिए कफ़न, यही प्रेमचंद का मूल प्रश्न है। उनका साहित्य मनुष्यता और समानता को सर्वोच्च स्थान देता है। कार्यक्रम की शुरुआत कार्यकारी अध्यक्ष गोविंद देवलिया द्वारा विषय-प्रस्तावना से हुई। अतिथियों ने मां शारदा एवं मुंशी प्रेमचंद के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित कर आयोजन का शुभारंभ किया। समाजसेवी कमल शिलाकारी, अरविंद द्विवेदी सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में पूर्व वित्त मंत्री राघवजी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति शाह सहित साहित्य, शिक्षा एवं सामाजिक क्षेत्र से जुड़े अनेक लोग उपस्थित रहे। संचालन प्राध्यापिका नीतू दांगी ने तथा आभार प्रदर्शन अरविंद द्विवेदी ने किया।

प्यार का चक्कर: रात में बाइक की टंकी पर गर्लफ्रेंड को बैठाकर स्टंटबाजी करने वाले युवक को पुलिस ने दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



शहर में यातायात थाने के पास व्यस्त सड़क पर चलती बाइक पर स्टंट करने का वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया गया। घटना शनिवार रात करीब 8 बजे विवेकानंद चौराहे से बस स्टैंड जाने वाले मार्ग की बताई जा रही है। पुलिस ने वीडियो के आधार पर कार्रवाई शुरू की। रविवार को पुलिस ने युवक को पकड़ लिया।

वीडियो में युवक बिना हेलमेट के बाइक चलाता दिखाई दे रहा है। वहीं युवती बाइक की टंकी पर एक तरफ पैर करके बैठी है और उसने युवक के गले में बाहें डाल रखी हैं। दोनों व्यस्त सड़क पर इस तरह बाइक चलाते नजर आ रहे थे। वहां से गुजर रहे एक व्यक्ति ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर शेयर कर दिया। वीडियो सामने आने के बाद लोगों ने नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि इस तरह की स्टंटबाजी यातायात नियमों का उल्लंघन है और इससे सड़क पर चलने वाले अन्य लोगों की जान भी खतरे में पड़ सकती है। लोगों ने दोनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। जिसके बाद पुलिस ने एक्शन लिया।

नंबर से पहचान कर की कार्रवाई

यातायात थाना प्रभारी आशीष राय ने बताया कि बाइक पर स्टंटबाजी का वीडियो संज्ञान में आने के बाद वीडियो के आधार पर बाइक का नंबर तकनीकी माध्यम से ट्रेस किया गया। वाहन मालिक की पहचान होने के बाद युवक और युवती के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। इसमें बिना हेलमेट वाहन चलाने, खतरनाक तरीके से ड्राइविंग करने और अन्य संबंधित प्रावधानों के तहत वैधानिक कार्रवाई शामिल है। थाना प्रभारी ने लोगों से अपील की है कि सोशल मीडिया पर लोकप्रियता पाने के लिए सड़क पर इस तरह की स्टंटबाजी न करें। उन्होंने कहा कि यह न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि किसी भी समय बड़े हादसे का कारण भी बन सकती है।

हिंदू उत्सव समिति मतदाता सूची पर दावा-आपत्तियों का निराकरण

आज निकाली जाएगी भव्य कावड़ यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

कांवड़ यात्रा को लेकर पूरे शहर में उत्साह का माहौल बना हुआ है।

सनातन श्री हिंदू उत्सव समिति के द्विवार्षिक अध्यक्ष पद के निर्वाचन के लिए जारी प्रारूप मतदाता सूची पर प्राप्त दावा-आपत्तियों का निराकरण कर दिया गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी एडवोकेट संतोष शर्मा ने बताया कि 2 अगस्त को निर्धारित समय सीमा में कुल चार दावा-आपत्तियां प्राप्त हुईं।

परीक्षण के बाद रामपाल सिंह यादव के उपनाम, गोदावरी ग्रीन के पते तथा कोमल प्रसाद सेन के मोबाइल नंबर में आवश्यक संशोधन स्वीकृत किए गए। अन्य कोई दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने से शेष मतदाता सूची यथावत रखी गई। इधर, सनातन श्री हिंदू उत्सव समिति के तत्वावधान में आज कावड़ यात्रा निकाली जाएगी। समिति अध्यक्ष नितिन माहेश्वरी ने बताया कि यात्रा का मुख्य आकर्षण भगवान महाकाल की शाही सवारी रहेगी। गाजे-बाजे, ढोल-ताशों और भक्ति संगीत के साथ निकलने वाली यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। समिति ने धर्मप्रेमियों एवं शहरवासियों से यात्रा में शामिल होने की अपील की है।

भोपाल संभाग स्तरीय तृतीय सोपान जांच शिविर में 128 स्काउट गाइड्स ने दिखाया अपना कौशल

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

भोपाल संभाग स्तरीय पांच दिवसीय तृतीय सोपान जांच शिविर 27 से 31 जुलाई तक ब्रह्म समाज भवन में आयोजित किया गया। शिविर में भोपाल के 67, विदिशा के 55 तथा सीहोर के 6 सहित कुल 128 स्काउट एवं गाइड्स ने भाग लिया।

शिविर का शुभारंभ ध्वजारोहण, राष्ट्रगान एवं स्काउट-गाइड प्रार्थना के साथ हुआ। पाँच दिनों तक प्रतिभागियों की गांठें एवं बंधन, प्राथमिक उपचार, मानचित्र अध्ययन, कंपास, संकेत ज्ञान, शिविर कौशल, पायनियरिंग, ध्वज शिष्टाचार तथा स्काउट-गाइड नियम एवं प्रतिज्ञा सहित व्यवहारिक एवं मौखिक परीक्षाएं आयोजित की गईं। शिविर के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका तिवारी ने नशा मुक्ति अभियान के तहत युवाओं को जागरूक किया और सभी प्रतिभागियों ने नशामुक्त भारत के निर्माण का संकल्प लिया। चौथे दिन लोहांगी पहाड़ी पर शैक्षणिक एवं साहसिक भ्रमण के दौरान ट्रैकिंग, प्रकृति अध्ययन और पर्यावरण संरक्षण संबंधी गतिविधियां कराई गईं। शिविर का संचालन सहायक राज्य संगठन आयुक्त राजेश मेवाड़े एवं राज्य आयुक्त भगवती शर्मा के नेतृत्व में हुआ।

प्रदेश कांग्रेस खेल एवं खिलाड़ी प्रकोष्ठ में अवधेश दुबे बने प्रदेश उपाध्यक्ष



विदिशा। मप्र कांग्रेस कमेटी के खेल एवं खिलाड़ी प्रकोष्ठ में अवधेश दुबे को प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नियुक्ति पत्र के अनुसार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, प्रदेश महासचिव संजय कमले तथा समस्त प्रकोष्ठों के प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह चौहान की सहमति एवं अनुमोदन के बाद यह नियुक्ति की गई है। पत्र में अवधेश दुबे से अपेक्षा व्यक्त की गई है कि वे कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के साथ संगठन को मजबूत बनाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाएंगे। नियुक्ति की जानकारी मिलते ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने अवधेश दुबे को बधाई दी। समर्थकों ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में खेल एवं खिलाड़ी प्रकोष्ठ को और अधिक मजबूती मिलेगी तथा संगठनात्मक गतिविधियों का विस्तार होगा। अवधेश दुबे ने इस नियुक्ति पर पार्टी के वरिष्ठ नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है।

शिवालयों में अल सुबह से जलाभिषेक के लिए जुटेंगे श्रद्धालु

सावन का पहला सोमवार आज, 1100 प्राचीन शिवलिंग की नगरी ग्यारसपुर में आज गूंजेंगे बमबम भोले के जयकारे

यहां बिखरे असंख्य प्राचीन शिवलिंग इसकी समृद्ध सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत के प्रतीक हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ ग्यारसपुर

प्राचीन मंदिरों और ऐतिहासिक धरोहरों के लिए प्रसिद्ध शिव नगरी ग्यारसपुर में सावन के पहले सोमवार को भगवान भोलेनाथ की भक्ति का अद्भुत उत्साह देखने को मिलेगा।

मान्यता है कि ग्यारसपुर की पावन धरती पर आज भी लगभग 1100 प्राचीन शिवलिंग विभिन्न मंदिरों, घरों, बगीचों, जंगलों, मढ़ों और ऐतिहासिक स्थलों पर विराजमान हैं। यही कारण है कि यह नगर सदियों से भगवान शिव की आराधना का प्रमुख केंद्र माना जाता है। सावन सोमवार के अवसर पर प्रातःकाल से ही श्रद्धालु भगवान शिव का जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक, बेलपत्र, धतूरा, भांग, पुष्प एवं फल अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि और मंगलकामना करेंगे।

तहसील परिसर स्थित पूणेश्वर महादेव मंदिर तथा कमलेश्वर महादेव राम-जानकी मानसरोवर धाम में सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगने की संभावना है। मंदिरों में हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठेगा। ग्यारसपुर की धार्मिक पहचान केवल इसके भव्य एवं ऐतिहासिक मंदिरों तक सीमित नहीं है, बल्कि यहां बिखरे असंख्य प्राचीन शिवलिंग इसकी समृद्ध सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत के प्रतीक हैं। अनेक



शिवलिंग खुले स्थानों, पहाड़ियों तथा पुरातात्विक अवशेषों के बीच श्रद्धापूर्वक पूजे जाते हैं,

शिवलिंग खुले स्थानों, पहाड़ियों तथा पुरातात्विक अवशेषों के बीच आज भी श्रद्धापूर्वक पूजे जाते हैं, जहां सावन के दौरान विशेष रूप से श्रद्धालुओं की आवाजाही बढ़ जाती है। स्थानीय श्रद्धालुओं का मानना है कि सावन मास में इन प्राचीन शिवलिंगों के दर्शन और जलाभिषेक से विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है तथा भगवान भोलेनाथ की कृपा से जीवन में सुख, शांति और समृद्धि का आशीर्वाद मिलता है।

वरिष्ठ पत्रकार रामकृष्ण रघुवंशी की तहसील अध्यक्ष पद पर नियुक्ति हुई

भारतीय श्रमजीवी पत्रकार महासंघ तहसील इकाई की बैठक हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नटेरन



भारतीय श्रमजीवी पत्रकार महासंघ की नटेरन तहसील इकाई की बैठक रविवार को नंधावत मैरिज गार्डन में आयोजित हुई। बैठक में जिला पदाधिकारियों की मौजूदगी में तहसील इकाई के गठन पर चर्चा की गई। सर्वसम्मति से वरिष्ठ पत्रकार रामकृष्ण रघुवंशी को तहसील अध्यक्ष तथा संवाददाता यशपाल रघुवंशी को तहसील महासचिव नियुक्त किया गया। इस दौरान सदस्यों को संगठन के परिचय-पत्र वितरित किए गए और जिला इकाई के विस्तार पर भी विचार-विमर्श हुआ। बैठक में वरिष्ठ पत्रकार ओ.पी. श्रीवास्तव के भतीजे के असामयिक निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष हाकम सिंह रघुवंशी, कार्यकारी अध्यक्ष योगेश पंथी, उपाध्यक्ष विवेक ठाकुर, सचिव अलीम खान, शफीक खान, घनश्याम पंथी सहित महेंद्र रघुवंशी, नरेंद्र रघुवंशी, नितेश नामदेव, कोक सिंह रघुवंशी, अशोक रघुवंशी, राहुल धाकड़, अखलेश रघुवंशी मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

नशामुक्ति कार्यक्रम का किया गया आयोजन



गंजबासौदा। मेरा युवा भारत विदिशा के तत्वावधान में राजीव मेमोरियल हायर सेकंडरी स्कूल में नशा मुक्त युवा विकसित भारत संकल्प अभियान अंतर्गत नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में युवा अधिकारी आकांक्षा महोबिया, सावित्री महिला मंडल के अध्यक्ष लक्ष्मी शर्मा, कार्यालय प्रभारी रश्मि देशपांडे, विद्यालय परिवार से कविता अग्रवाल, मंजू भारद्वाज, प्रीति रैकवार, प्रियंका साहू, रामसेवक कुर्मी, प्रीति चतुर्वेदी, मोनिका रैकवार एंव बड़ी संख्या में छात्र-छात्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम लक्ष्मी के मार्गदर्शन में संपन्न किया गया। सृष्टि तिवारी, मन्नत, पलक, गौरी, मनीषा ने नशा मुक्ति गीत प्रस्तुत किया और छात्र-छात्राओं को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई।

निगमायुक्त ने कटरा क्षेत्र का किया निरीक्षण

सागर। निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने शनिवार को तीनबत्ती कटरा होते हुए विजय टॉकीज तिराहा, नगर निगम टपरा मार्केट का निरीक्षण किया और कटरा क्षेत्र में जगह-जगह अतिक्रमण कर अव्यवस्था फैलाने वाले अतिक्रमणकारियों पर सामग्री जब्ती की कार्यवाही कराई। उन्होंने व्यवसायिक क्षेत्र में पक्की दुकानों के बाहर फुटपाथ पर विक्रय सामग्री रखकर अतिक्रमण करने वालों के कपड़ा स्टैंड, तखत, फल क्रेट, स्टैंड आदि जब्त कराए। उन्होंने निगमकर्मियों को निर्देश देते हुए कहा की निगम टपरा मार्केट में दुकानदारों से शपथ पत्र बनवाएं सभी अपनी दुकान गली को स्वच्छ रखेंगे।

लाइन क्षतिग्रस्त करने पर बीएसएनएल को 1 लाख का नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



शहर में बीएसएनएल की फाइबर केबल बिछाने के दौरान एनसीसी लिमिटेड की ओर से की गई खुदाई में छह पेयजल पाइपलाइनें क्षतिग्रस्त हो गईं। नगर पालिका की अनुमति के बिना हुए कार्य से शहर के कई हिस्सों में जलापूर्ति प्रभावित हुई। पाइपलाइनों की मरम्मत पर करीब एक लाख रुपए खर्च होने के बाद नगर पालिका ने संबंधित कंपनी को नोटिस जारी किया है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी अशोक वर्मा ने बताया कि भारत नेट प्रोजेक्ट फेज-3 के तहत अंडरग्राउंड फाइबर केबल बिछाने का कार्य रात में बिना पूर्व सूचना और अनुमति के किया जा रहा था। इसी दौरान खुदाई से छह पेयजल पाइप लाइनें क्षतिग्रस्त हो गईं, जिससे शहर में जल संकट की स्थिति बन गई। नगर पालिका ने क्षतिग्रस्त पाइप लाइनों की मरम्मत पर करीब 1 लाख खर्च किया है। यह राशि संबंधित कंपनी से वसूलने के लिए नोटिस जारी किया गया है। सीएमओ अशोक वर्मा ने बताया कि बीएसएनएल कंपनी को तीन दिन की समयावधि में राशि जमा करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्धारित समय में भुगतान नहीं करने पर संबंधित कंपनी के खिलाफ नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

फिर समय पर नहीं आ सकी 108 एंबुलेंस, दो मरीजों को हुई परेशानी

एक को उपचार मिलने में हुई देरी दूसरे को भेजा निजी वाहन से

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा




गंभीर मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाने के लिए शुरू की गई 108 एंबुलेंस सेवा अब अधिकारियों की अनदेखी के चलते पूरी तरह बदहाल हो चुकी है। बीती रात भी नगर में दो मामलों में मरीजों को समय पर 108 एंबुलेंस उपलब्ध नहीं हो सकी। इनमें से एक मरीज तो उपजेल का बंदी था, जिसे जेलर ने अपने निजी वाहन से अस्पताल पहुंचाया। वहीं दूसरा मरीज इतना गंभीर था कि घंटों बाद एंबुलेंस आने पर उसे भोपाल ले जाया गया, जहां पहुंचने पर पता चला कि समय पर उपचार न मिलने पर मरीज पेरालाइज का शिकार हो गया है।

उल्लेखनीय है कि नगर सहित आसपास के क्षेत्र में दर्जनों 108 एंबुलेंस उपलब्ध हैं। पूर्व में नियमित मॉनिटरिंग और अधिकारियों की संवेदनशीलता से 108 एंबुलेंस कई मामलों में जीवन दायिनी भी साबित हो चुकी हैं, लेकिन अब पिछले तीन सालों से जिला स्तर के अधिकारी और स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी भी इस महत्वपूर्ण सेवा की ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं, जिससे जरूरतमंदों को इस सेवा का लाभ नहीं मिल पा रहा है। बीती रात भी ऐसे ही दो मामले सामने आए। स्थानीय उपजेल में एक विचाराधीन कैदी रविंद्र उर्फ रघु राजपूत को उल्टी, चक्कर और घबराहट की शिकायत हुई। जेल प्रशासन ने तत्काल उसे शासकीय चिकित्सालय पहुंचाने के लिए 108 एंबुलेंस को फोन लगाया, लेकिन एंबुलेंस समय पर उपलब्ध नहीं हो सकी। ऐसे में जेलर आलोक भार्गव ने स्वयं अपने वाहन से बंदी को उपचार के लिए शासकीय अस्पताल पहुंचाया।

वहीं दूसरे मामले में 108 एंबुलेंस न मिलने से मरीज की हालत गंभीर हो गई। बीती रात रजोदा रोड निवासी अंकित सेन के पिता भगवान सिंह सेन को अचानक झटके आने की समस्या होने लगी, परिजन उनको शासकीय जनचिकित्सालय लेकर पहुंचे जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत को देखते हुए उच्च उपचार के लिए विदिशा रेफर कर दिया गया। परिजन रात्रि 3 बजे से सुबह 5 बजे तक 108 एंबुलेंस को कॉल करते रहे, लेकिन पहले तो कॉल नहीं लगा, जब कॉल लगा तो अटेंडर खाना पूर्ति में लगे रहे, एम्बुलेंस ड्राइवर का नंबर भी बंद आता रहा। उधर अंकित सेन के परिवार की आर्थिक स्थिति अच्छी न होने से वे निजी एंबुलेंस या निजी वाहन से मरीज को विदिशा ले जाने में असमर्थ थे। इसलिए वे एंबुलेंस का इंतजार करते रहे। काफी समय बाद ड्राइवर से बात हुई, लेकिन इसके बाद भी वह करीब एक घंटे बाद अस्पताल पहुंचा। जिसके बाद मरीज को विदिशा ले जाया गया, लेकिन वहां से भी उसे भोपाल रेफर कर दिया गया। भोपाल में चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत मरीज को पैरालाइसस के लक्षण बताते हुए उनका उपचार शुरू कर दिया है। इस संबंध में शासकीय अस्पताल के अधिकारियों का कहना है कि एंबुलेंस की कमी की जानकारी उच्च अधिकारियों को भेजी जा चुकी है। जल्द अतिरिक्त वाहन और स्टाफ उपलब्ध कराने की मांग की गई है। स्वास्थ्य विभाग से क्षेत्रवासियों की मांग है कि 108 सेवा को तुरंत दुरुस्त किया जाए, ताकि किसी मरीज की जान देरी के कारण खतरे में न पड़े।

शिव महापुराण कथा का चल रहा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



श्रावण मास प्रारंभ होते ही नगर में अनेक स्थानों पर शिव पूजन अभिषेक कार्य होने लगे हैं। इस अवसर पर पचमा रोड कुर्मी कॉलोनी में शिव पूजन एवं शिव पुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। शिवपुराण कथा सुनाते हुए पंडित केशव शास्त्री गुरु ने कहा श्रवण सुनने से श्रावण शब्द बना है। अतः श्रावण मास कथा सुनने का महीना है। यह मास शिवजी को इस कारण प्रिय है क्योंकि उमा जी ने तपस्या की। इसी मास में शिव पार्वती मिलन हुआ। साथ ही समुद्र मंथन में निकले विष का पान भी किया। भगवान नारायण इन 4 महीने में शयन में रहते हैं। शयन में जाने से पूर्व 9 बेल पत्र से शिव पूजन कर सृष्टि का सारा कार्य शिवजी को सौंपते हैं एवं श्रावण में शिव पूजन विशेष फल देता है। शिव पुराण की विश्वेश्वर संहिता सुनाते हुए आपने बताया इस मास में मिट्टी के शिवलिंग की पूजन महत्वपूर्ण है आकाश, वायु, अग्नि, जल, पृथ्वी यह पंचधा प्रकृति भगवान का ही स्वरुप है। भगवान की क्रिया शक्ति है अग्नि, वायु, आकाश, जल से सगुण स्वरूप निर्मित नहीं होता। यह शक्ति पृथ्वी मिट्टी में है मिट्टी से स्वरूप सगुण रूप बनता है। इसमें वीजत्व शक्ति है भक्त द्वारा विभिन्न कामनाओं हेतु जो संकल्प किया जाता है उसको बीज कहा जाता है। कामना रूपी संकल्प बीज मिट्टी से निर्मित शिवलिंग पर अर्पित करने से निश्चय ही वह फल बनता है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भक्तों ने कथा श्रवण की। कथा का समय रात्रि 8 से 11 तक रखा गया है।

यातायात जांच अभियान में नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों पर की गई कार्रवाई



गंजबासौदा। रविवार को दोपहर के समय अंबानगर मार्ग स्थित गंज बेतवा पुल पर ट्रैफिक पुलिस ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ जांच अभियान चलाया। इस दौरान अनेक दो पहिया, चार पहिया वाहन चालकों पर जुर्माना लगाया गया। इस दौरान 1500 रुपए के चालान कार चालकों पर एवं 2700 रुपए की जुर्माना राशि हेलमेट न लगाने वाले दो पहिया वाहन चालकों से वसूल की गई।

पुलिस ने मुख्य मार्ग के बीचो-बीच अचानक यह अभियान शुरू किया, जिससे वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। यातायात निरीक्षक निरपत सिंह लोधी ने बताया कि जांच के दौरान एक चार पहिया वाहन चालक बिना सीट बेल्ट के वाहन चला रहा था, जबकि कई दोपहिया वाहन चालक बिना हेलमेट के पाए गए। उन पर चालानी कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान, पुलिस ने अन्य वाहन चालकों को रोककर उनके वाहन संबंधी दस्तावेज और ड्राइविंग लाइसेंस की बारीकी से जांच की। इस दौरान चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक भी किया गया।

नशामुक्ति का लिया संकल्प, विकसित भारत के लिए दिलाई शपथ



गंजबासौदा। नगर के सैण्ट एसआरएसपब्लिक स्कूल में विकसित भारत के लिए नशा मुक्त युवा संकल्प अभियान के तहत छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक शिक्षिकाओं को शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर संस्था संचालक केएस यादव द्वारा नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए स्वस्थ, सकारात्मक एवं नशामुक्त जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। नशे की लत से होने वाले शारीरिक, मानसिक, आर्थिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है।

उन्होंने छात्र-छात्राओं, शिक्षक शिक्षिकाओं को नशे से दूर रहकर योग, व्यायाम, प्रकृति से जुड़ाव तथा सकारात्मक जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हमें प्रकृति ने अनेकों अच्छे से अच्छे भोज्य पदार्थ दिए हैं ,जिन्हें खाकर हम अपने जीवन को स्वस्थ और आनंदमई बना सकते हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी कृष्णपाल सिंह चौहान ने भी नशे के दुष्परिणामों के बारे में प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नशे से आज परिवार टूट रहे हैं, वहीं युवा नशे के कारण असमय काल के गाल में समा रहे हैं। व्याख्याता रंजू राठौर ने अपनी कविताओं के माध्यम से बच्चों को नशे से होने वाले दुष्परिणामों के प्रति जागृत किया। उन्होंने कहा कि उत्तम स्वास्थ्य के लिए आज यहाँ सब कुछ उपलब्ध है, फिर भी व्यक्ति उदास है। आनंद स्रोत बह रहा है, फिर भी तू क्यों उदास है। अचरज है, जल में रहकर भी मछली प्यासी है? कार्यक्रम को राष्ट्रीय सेवा योजना की कन्या इकाई प्रभारी रजनी गुप्ता एवं उच्च श्रेणी शिक्षक संतोष द्वारा भी संबोधित किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य उमेश चंद्र यादव द्वारा उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं, शिक्षक शिक्षकों को नशे से दूर रहने , नशा न करने एवं दूसरों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता कृष्ण पाल सिंह चौहान द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी उपस्थितों को दिखाया गया।

नेत्र शिविर में हुआ 274 रोगियों का परीक्षण



गंजबासौदा। स्थानीय मिल रोड स्थित सद्गुरु विजन सेंटर पर स्व. श्री नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के सहयोग से नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर स्वर्गीय पुष्पलता साहू की पुण्य स्मृति में सेवा दिवस के रूप में उनके पति भगवान दास साहू एवं पुत्र गण प्रशांत साहू एवम प्रतीक द्वारा आयोजित करवाया गया। डॉ गोलू सेन कैंप प्रभारी, जीतू पाठक, संतोष नामदेव, जीतेन्द्र जादौन, अभिषेक यादव, आर पी शुक्ला ने काउंसिलिंग की। विजन सेंटर के प्रभारी डॉ. राज करण वर्मा एवम डॉ धर्मेंद्र अहिरवार ने 274 से अधिक मरीजों की नेत्र जांच की और नेत्र रोगों से बचाव के उपाय बताए। 61 से अधिक मरीजों में मोतियाबिंद के लक्षण पाए गए। शिविर में जिनको भी मोतियाबिंद की शिकायत मिली उनको भी ऑपरेशन क्रे लिए आनंदपुर भेजा गया। कैंप प्रभारी जीतू पाठक के निर्देशन में काउंसलिंग टीम के द्वारा 63 चश्मों का निशुल्क वितरण किया गया।

ट्रस्ट ने 101 मरीजों को निशुल्क दवाइयां वितरित कीं। 49 मरीजों के चश्मे के नंबर निकाले गए। मरीजों की बीपी और शुगर जांच भी की गई। शिविर सहयोगी सुनील बाबू पिंगले ने बताया कि ऐसे नेत्र शिविर ट्रस्ट के रवि उपाध्याय के मार्गदर्शन में और सद्गुरु स्वर्गीय रणछोड़दास महाराज की कृपा से शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में निरंतर लगाए जा रहे हैं। कार्यक्रम मानव अधिकार सुरक्षा एवम स्वास्थ्य संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ ऐके जैन, जिला पदाधिकारी समाजसेवी गणेश राम रघुवंशी, सुरेन्द्र भारद्वाज, जगदीश अग्रवाल, हेमंत भंडारी की विशेष उपस्थिति में किया गया। जिसमे वरिष्ठ पत्रकार डॉ डी पी शर्मा, कैलाश सक्सेना, सत्यनारायण शर्मा, यशपाल यादव, ओपी चौरसिया सहित अनेक पत्रकारों ने नेत्र शिविर में शामिल होकर ट्रस्ट के कार्यों की सराहना की। इस मौके पर सदगुरुदेव अस्पताल के डॉ राजकरण वर्मा, डॉ धर्मेंद्र अहिरवार ने पत्रकारों के भी नेत्रों का परीक्षण किया और उनके चश्मे के नंबर निकाले गए।

वरिष्ठ समाजसेवी केशव सिंह राजपूत, सुनील बाबू पिंगले, सेवादार साहूजी, अग्रवाल जी ने आनंदपुर की पूरी टीम का शाल पुष्प हार एवम श्रीफल भेट कर उनकी सेवाओं के लिए सम्मान किया। सभी ने कहा कि नेत्र रोगियों की सेवा करना ही सबसे बड़ा धर्म है। कार्यक्रम में सरदार सिंह सिसोदिया ने सहयोग दिया। अंत में सुनील बाबू पिंगले ने सभी का आभार व्यक्त किया।

मंच चलाएगा हर घर तिरंगा अभियान

गंजबासौदा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के अखिल भारतीय मार्गदर्शक गुरूदेव डॉ इंद्रेश कुमार ने ऑनलाइन बैठक में मंच के पदाधिकारीगण व कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। बैठक की विस्तृत जानकारी देते हुऐ गौ सेवा प्रकोष्ठ राष्ट्रीय सह संयोजक सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने बताया इस समय जम्मू-कश्मीर के प्रवास पर हैं। अपने व्यस्त कार्यक्रम के बावजूद भी उन्होंने देश भर के कार्यकर्ताओं को संबोधित किया और अगस्त माह के कार्यक्रमों के लिए मार्गदर्शन दिया। केंद्रीय कार्यालय इस संदेश को देश के हर जिले तक पहुंचाने का प्रयास कर रहा है। गुरूदेव ने कहा कि 9 अगस्त को अंग्रेजों भारत छोड़ो आंदोलन का दिन है। 1942 में इसी दिन देश ने अंग्रेजों के खिलाफ आवाज़ बुलंद की थी। इस दिन हमें अपने शहीदों को याद करना है और उनकी स्मृति में पौधारोपण करना है। इसके बाद 12 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चलाया जाएगा।सभी से अनुरोध है कि अपने घर, गली, मोहल्ला, स्कूल, मदरसा और पार्कों में तिरंगा फहराएं और तिरंगा यात्रा निकालकर देशभक्ति का संदेश फैलाएं। 25 से 31 अगस्त तक भाई-बहन दिवस मनाया जाएगा। रक्षाबंधन के इस पावन अवसर पर बहनें भाइयों को राखी बांधेंगी। साथ ही हम वृक्षों को राखी बांधेंगे वृक्षों को राखी बांधकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेंगे। पूरा अगस्त महीना पौधारोपण और (तुलसी) वितरण के नाम रहेगा। वर्षा ऋतु में प्रकृति को हरा-भरा करने का यह सबसे अच्छा समय है। इसलिए मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता बढ़-चढ़कर वृक्षारोपण में हिस्सा लें। विशेष रूप से तुलसी और नीम के पौधों का वितरण किया जाए। गुरूदेव ने कहा कि तुलसी जन्नती पौधा है। इसका नाम कुरान शरीफ हदीस मे भी आता है। यह स्वास्थ्य के लिए बहुत लाभकारी है और जिस घर में तुलसी होती है वहां सुख-शांति और बरकत रहती है। अंत में गुरूदेव ने विशेष आग्रह किया कि हम सभी कार्यकर्ता इन कार्यक्रमों को पूरे जोश और समर्पण के साथ मनाएं। हमारा उद्देश्य कार्यक्रम करना नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय एकता का संदेश पहुंचाना है।

वार्ड क्रमांक 21 स्थित श्रीराम जानकी मंदिर में हो रहा आयोजन

दक्ष यज्ञ से लेकर नृसिंह लीला का किया वर्णन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



वार्ड क्रमांक 21 स्थित श्री राम-जानकी मंदिर, खेड़ापति गौधाम में श्रावण मास के उपलक्ष्य में आयोजित 27 दिवसीय शिव महोत्सव के चौथे दिन दक्ष यज्ञ से लेकर भगवान नृसिंह लीला तक भगवान शिव की अद्भुत महिमा का भावपूर्ण वर्णन किया गया। शिव कथा वाचक पं. धर्मेन्द्र भार्गव ने वीरभद्र और शरभ अवतार के माध्यम से धर्म की रक्षा, अहंकार के विनाश और संयम की महत्ता का संदेश दिया। कथा के साथ पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं पूजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और पूरा परिसर शिवमय हो उठा।

शिव कथा वाचक पं. धर्मेन्द्र भार्गव ने कहा कि भगवान शिव केवल संहार के देव नहीं, बल्कि धर्म की रक्षा, सृष्टि के संतुलन और भक्तों के कल्याण के लिए समय-समय पर विभिन्न स्वरूपों में अवतरित होते हैं। उन्होंने वीरभद्र और शरभ अवतार के माध्यम से धर्म, संयम और अहंकार के विनाश का संदेश दिया। उन्होंने दक्ष यज्ञ प्रसंग का वर्णन करते हुए बताया कि जब राजा दक्ष ने भगवान शिव का अपमान किया और माता सती ने योगाग्नि में अपने प्राण त्याग दिए, तब भगवान शिव के क्रोध से उनकी जटाओं से महापराक्रमी वीरभद्र प्रकट हुए। वीरभद्र ने दक्ष के यज्ञ का विध्वंस कर यह सिद्ध किया कि ईश्वर के प्रति अहंकार और अनादर का अंत निश्चित है। यह प्रसंग केवल दंड का नहीं, बल्कि धर्म की प्रतिष्ठा का प्रतीक है। इसके बाद पं. भार्गव ने भगवान शिव के दुर्लभ शरभ अवतार का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने बताया कि हिरण्यकशिपु के वध के पश्चात भगवान नृसिंह का क्रोध शांत नहीं हो रहा था। उनके उग्र तेज से तीनों लोकों में भय और असंतुलन उत्पन्न हो गया। तब समस्त देवताओं की प्रार्थना पर भगवान शिव ने शरभ रूप धारण किया। यह दिव्य स्वरूप आठ पैरों, दो विशाल पंखों, सिंह समान मुख, वज्र के समान नख, तीक्ष्ण चोंच और सूर्य के समान तेजस्वी नेत्रों से युक्त था। भगवान शिव ने इसी रूप में भगवान नृसिंह के उग्र स्वरूप को शांत कर सृष्टि में पुनः शांति और संतुलन स्थापित किया। कथावाचक ने कहा कि शिव का शरभ अवतार हमें यह शिक्षा देता है कि शक्ति का सर्वोच्च स्वरूप भी संयम और करुणा से ही पूर्ण होता है। धर्म की रक्षा के लिए पराक्रम आवश्यक है, लेकिन उससे भी अधिक आवश्यक है क्रोध पर नियंत्रण और लोककल्याण की भावना।

हनुमान चालीसा पाठ का 140 वां चरण संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



हिंदू चेतना सेवा समिति मंडल द्वारा संचालित नशा मुक्त भारत अभियान एवं युवाओं को धर्म एवं आध्यात्म से जोड़ने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत हनुमान चालीसा पाठ का 140 वां चरण स्टेशन मालगोदाम के पास स्थित मील वाली माता मंदिर में अत्यंत श्रद्धा, उल्लास एवं धर्ममय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ माता रानी एवं श्री हनुमान जी के पूजन-अर्चन से हुआ। इसके पश्चात सभी श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से संगीत की मधुर धुनों के साथ सात बार श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया।

पाठ के उपरांत भजन-कीर्तन, आरती एवं प्रसादी का वितरण किया गया। इस अवसर पर हिंदू वीर रोहित नाथ ने नशे के दुष्परिणामों पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित सभी लोगों से श्री हनुमान चालीसा के नियमित पाठ के माध्यम से नशे से दूर रहकर धर्म, संस्कार एवं आध्यात्मिक जीवन अपनाने का आह्वान किया। समिति अध्यक्ष राकेश सिंह रघुवंशी ने बताया कि लगभग 2 वर्ष 8 माह पूर्व समिति ने कुछ साथियों के साथ मिलकर हनुमान चालीसा पाठ के माध्यम से लोगों को नशे से दूर रहने तथा युवाओं को धर्म एवं आध्यात्म से जोड़ने का संकल्प लिया था। यह अभियान एक विशाल परिवार का रूप ले चुका है और निरंतर विस्तार प्राप्त कर रहा है। समिति का यह जनजागरण अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। कार्यक्रम में जसवंत सिंह राजपूत, मोहित तिवारी, जगदीश कुशवाहा, नंदकिशोर वर्मा, महेंद्र पाल, अर्णव रघुवंशी, ऋतिक पांचाल, नरेंद्र राय, मनोज सेन, आदित्य सेन, हर्षित मिश्रा, सुमित शर्मा, छोटू सेन, नरेश रजक, निशिकांत माथुर, देवांश माथुर, गजराज राय, लखन गुर्जर, नीरज साहू, लव गुर्जर, ज्ञानव साहू, राजू सिंह दांगी, सौरभ पाल, ऋषि कुशवाहा सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप



कांग्रेस में निष्कासन पत्र पर विवादः जिला अध्यक्ष की स्वीकृति व प्रक्रिया पर सवाल

सिरोंज। जिला कांग्रेस कमेटी, विदिशा के संगठन महासचिव गोविंद भार्गव द्वारा जारी एक कार्यालय आदेश को लेकर कांग्रेस संगठन में विवाद खड़ा हो गया है। आदेश में किसान कांग्रेस के शहर अध्यक्ष अंकित भार्गव को कथित रूप से अनैतिक कार्य में लिप्त बताते हुए उन्हें पद से मुक्त करने तथा छह वर्ष के लिए कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता समाप्त करने की बात कही गई है। हालांकि आदेश में यह स्पष्ट नहीं किया गया कि वे किस अनैतिक कार्य में लिप्त पाए गए। इस कार्रवाई को लेकर संगठन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। आरोप है कि आदेश जारी करने से पहले न तो जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी की स्वीकृति ली गई और न ही उन्हें आदेश की प्रतिलिपि भेजी गई। जबकि प्रतिलिपि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, प्रदेश संगठन महासचिव डॉ. संजय कामले, जिला प्रभारी राजेश रघुवंशी तथा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सिरोंज को भेजी गई है। विवाद का एक अन्य पहलू यह भी बताया जा रहा है कि अंकित भार्गव किसान कांग्रेस के शहर अध्यक्ष थे, लेकिन किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अथवा प्रदेश नेतृत्व से चर्चा या उनकी स्वीकृति का भी उल्लेख आदेश में नहीं है। आलोचकों का कहना है कि इससे संगठनात्मक प्रक्रिया पर प्रश्नचिह्न लगते हैं। आलोचकों का यह भी दावा है कि इस प्रकार के भ्रामक पत्राचार से कांग्रेस की छवि प्रभावित हो रही है और संगठन की कार्यप्रणाली को लेकर जनता के बीच भ्रम की स्थिति बन रही है। उनका कहना है कि यदि किसी पदाधिकारी के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाती है तो उसका आधार, कारण और सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति स्पष्ट रूप से दर्ज होना चाहिए।

पहला सावन सोमवार आजः देवपुर सहित शिवालयों में उमड़ेगा श्रद्धालुओं का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

भगवान शिव की आराधना के पावन माह श्रावण के प्रथम सोमवार को लेकर क्षेत्रभर में गहरा धार्मिक उत्साह व्याप्त है। सोमवार को बाबा विश्वनाथ धाम देवपुर सहित नगर एवं ग्रामीण अंचल के सभी प्रमुख शिवालयों में हजारों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। श्रद्धालु प्रातः ब्रह्म मुहूर्त से ही भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक, रुद्राभिषेक एवं विशेष पूजन-अर्चन करेंगे। मंदिरों में दिनभर हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से पूरा वातावरण शिवमय रहेगा। श्रावण मास का पहला सोमवार भगवान शिव की उपासना के लिए अत्यंत शुभ माना जाता है। मान्यता है कि इस दिन विधि-विधान से भोलेनाथ की पूजा-अर्चना करने से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं तथा परिवार में सुख-समृद्धि और आरोग्य का वास होता है। इसी आस्था के चलते बड़ी संख्या में श्रद्धालु व्रत रखकर भगवान शिव का अभिषेक करेंगे।

बाबा विश्वनाथ धाम देवपुर में विशेष आकर्षण

क्षेत्र के प्रसिद्ध बाबा विश्वनाथ धाम देवपुर में पहले सोमवार को विशाल धार्मिक आयोजन होगा। मंदिर परिसर को आकर्षक विद्युत सजावट एवं फूलों से सजाया गया है। यहां श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पेयजल, पार्किंग, बैरिकेडिंग तथा दर्शन व्यवस्था के विशेष इंतजाम किए गए हैं। दूर-दराज के गांवों से भी श्रद्धालु बाबा के



दर्शन और जलाभिषेक के लिए पहुंचेंगे। साथ ही सावन के पहले सोमवार पर अनेक शिवभक्त पवित्र नदियों एवं जल स्रोतों से कांवड़ में जल लाकर भगवान शिव का अभिषेक करेंगे। केसरिया वस्त्र धारण किए कांवड़ियों की टोलियां बोल बम के जयघोष के साथ मंदिरों तक पहुंचेंगी, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में सराबोर रहेगा।

नगर के प्रमुख शिवालयों में विशेष पूजा-अर्चना

बाबा विश्वनाथ धाम देवपुर के अलावा नगर एवं आसपास स्थित प्राचीन शिव मंदिरों में भी विशेष पूजा-अर्चना, रुद्राभिषेक, भजन-कीर्तन और महाआरती का आयोजन किया जाएगा। कई स्थानों पर श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण एवं भंडारे की व्यवस्था भी की गई है। वहीं श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन एवं पुलिस विभाग द्वारा सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। मंदिर परिसरों में पुलिस बल तैनात रहेगा तथा यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए आवश्यक प्रबंध किए गए हैं। वहीं श्रद्धालुओं से अपील की गई है कि वे प्रशासन के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए शांतिपूर्ण ढंग से दर्शन करें। सावन का पहला सोमवार केवल धार्मिक अनुष्ठान का अवसर ही नहीं बल्कि आस्था, विश्वास और भक्ति का महापर्व है। शिवभक्ति में लीन श्रद्धालुओं की भीड़, मंदिरों में गूंजते मंत्रोच्चार, घंटों और शंखनाद की ध्वनि से पूरा क्षेत्र शिवमय हो जाएगा। बाबा भोलेनाथ के दर्शन और जलाभिषेक के लिए सुबह से देर रात तक श्रद्धालुओं का तांता लगा रहने की संभावना है।

डॉ. राकेश भार्गव ने अंगदान, देहदान, नेत्रदान और त्वचादान को बताया महादान

भारतीय रिजर्व बैंक भोपाल में गूंजा अंगदान का संदेश, किरण फाउंडेशन की प्रस्तुति ने जीता दिल



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

मानव सेवा और जनजागरूकता के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रही किरण फाउंडेशन द्वारा भारतीय रिजर्व बैंक कार्यालय में अंगदान, देहदान, नेत्रदान एवं त्वचादान विषय पर एक प्रभावशाली एवं प्रेरणादायी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने इन महादानों के महत्व पर विस्तृत जानकारी देते हुए उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया तथा समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करने का प्रयास किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सिरोंज की माटी के सपूत एवं किरण फाउंडेशन के सचिव डॉ. राकेश भार्गव ने अत्यंत सरल एवं प्रभावी शैली में बताया कि मृत्यु के बाद भी व्यक्ति अपने अंगों के माध्यम से कई लोगों को नया जीवन प्रदान कर सकता है। उन्होंने अंगदान, देहदान, नेत्रदान और त्वचादान की पूरी प्रक्रिया, इसके कानूनी पहलुओं, चिकित्सा संबंधी तथ्यों तथा समाज में इसकी आवश्यकता पर विस्तार से प्रकाश डाला।

अंगदान कर लोगों के जीवन में जगा सकते हैं नई उम्मीद

इस अवसर पर डॉ. भार्गव ने कहा कि हमारे देश के सैनिक राष्ट्र की रक्षा करते हुए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देते हैं। यदि हम अपने जीवनकाल में समाज के लिए कुछ करना चाहते हैं, तो मृत्यु के उपरांत अंगदान कर कई लोगों के जीवन में नई उम्मीद जगा सकते हैं। उन्होंने कहा कि अंगदान केवल एक दान नहीं, बल्कि मानवता की सबसे बड़ी सेवा है, जिससे किसी का जीवन बचाया जा सकता है और अंधेरे में जी रहे व्यक्ति को नई रोशनी मिल सकती है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अंगदान से जुड़े अनेक प्रश्न पूछे। डॉ. राकेश भार्गव ने प्रत्येक प्रश्न का वैज्ञानिक एवं तथ्यात्मक उत्तर देकर उनकी सभी शंकाओं का समाधान किया। प्रस्तुति के दौरान अंग प्रत्यारोपण की प्रक्रिया, ब्रेन डेथ, अंगदान की वैधानिक व्यवस्था, नेत्रदान एवं त्वचादान की उपयोगिता सहित अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गई।

किरण फाउंडेशन के जनहित में किए जा रहे कार्यों की दी जानकारी

वहीं किरण फाउंडेशन के राजेश कुमार जैन ने संस्था के उद्देश्य, सामाजिक गतिविधियों एवं जनहित में किए जा रहे विभिन्न सेवा कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि फाउंडेशन का उद्देश्य समाज में जागरूकता बढ़ाकर अधिक से अधिक लोगों को अंगदान जैसे पुण्य कार्य से जोड़ना है, ताकि जरूरतमंद मरीजों को समय पर जीवनदान मिल सके। कार्यक्रम में किरण फाउंडेशन की सदस्य इफ़लाह इफ़्तिख़ार की भी सक्रिय सहभागिता रही। उन्होंने कार्यक्रम के सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वही भारतीय रिजर्व बैंक भोपाल के 50 से अधिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पूरे कार्यक्रम में गंभीरता और उत्साह के साथ भाग लिया तथा अंगदान जैसे सामाजिक विषय पर जानकारी प्राप्त कर इसे जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर स्टाफ सदस्य हार्दिक प्रजापति, करुणेश कुमार एवं श्रीमती भावना ने किरण फाउंडेशन की पूरी टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया। किरण फाउंडेशन द्वारा आयोजित यह जागरूकता कार्यक्रम केवल एक प्रस्तुति नहीं बल्कि मानवता, सेवा और जीवन बचाने के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का सशक्त अभियान साबित हुआ। उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने इसे अत्यंत ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायक एवं समाज के लिए उपयोगी पहल बताते हुए संस्था के प्रयासों की सराहना की।

दीपनाखेड़ा पुलिस की कार्रवाई

लुटेरी दुल्हन गिरोह के फरार आरोपी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज



थाना दीपनाखेड़ा पुलिस ने लुटेरी दुल्हन प्रकरण में लंबे समय से फरार चल रहे मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। प्रकरण में दुल्हन एवं उसके तीन सहयोगियों को पूर्व में ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

मिली जानकारी 10 सितंबर 2025 को ग्राम साँकला निवासी फरियादिया द्वारा थाना दीपनाखेड़ा में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि उसके भाई सुरेंद्र राजपूत की शादी एक महिला से एक लाख रुपये लेकर कराई गई थी, लेकिन विवाह की पहली ही रात दुल्हन फरार हो गई। शिकायत के आधार पर थाना दीपनाखेड़ा में अपराध क्रमांक 176/2025 अंतर्गत धारा 318(4), 336(3), 338, 340(2), 3(5) भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मोनिका तिवारी एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) सोनू डाबर के मार्गदर्शन में फरार आरोपियों की तलाश लगातार जारी रही।

पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों एवं मुखबिर तंत्र की सहायता से पूर्व में दुल्हन सहित उसके तीन सहयोगियों को भोपाल से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया था, जिन्हें जेल भेजा जा चुका है। विवेचना के दौरान छलपूर्वक शादी कराने वाला आरोपी (बिचौलिया) मोहन सिंह पाल पिता स्व. रामप्रसाद पाल, उम्र 59 वर्ष, निवासी ग्राम साँकला, तहसील सिरोंज, जिला विदिशा, लगभग एक वर्ष से फरार चल रहा था। पुलिस टीम ने सतत प्रयास करते हुए उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक के.के. पवार, उपनिरीक्षक लालबहादुर सिंह एवं आरक्षक अमित खैवरिया की विशेष एवं सराहनीय भूमिका रही।

यह कैसा सावन का महीना, सड़कों पर उड़ रही धूल, नहीं हो रही बारिश

आज पहला श्रावण सोमवार, शिवालयों में होगी पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

सावन का महीना शुरू हुए 4 दिन बीत गए आज श्रावण माह का पहला सोमवार है। शिवालयों में पूजन अभिषेक के विशेष कार्यक्रम होंगे यह कैसा सावन का महीना है कि सडक़ों पर धूल उड़ रही है। नगर की निवासियों और धान की खेती करने वाले किसानों के बीच बारिश ना होना व्यापक चर्चाओं का विषय बन रहा है।

आधे से अधिक भारत में भारी बारिश और नदियों में बाढ़ से तबाही नुकसान की स्थिति बन रही है। बरेली तहसील क्षेत्र में बारिश ना होना क्या सुख पढऩे धान की खेती को भारी नुकसान का कारण बनने जा रहा है। धान की रोपाई के दौरान बारिश न होने से वरना बांध की नहरे में पानी छोड़ा गया था अब सावन के महीने में भी ऐसी स्थिति बनेगी।



आज पहला सावन सोमवार

सावन माह का आज 3 अगस्त को पहला सोमवार है। भगवान शिवजी के भक्तों द्वारा शिवालयों एवं घरों में भगवान शंकर की विशेष पूजन अभिषेक किया जाएगा। श्रद्धालु सोमवार को भगवान शंकर की कृपा प्राप्त करने के लिए उपवास की रखते हैं।

छा रही काली घटाएं

रविवार को सुबह से आसमान में चाहूं और काली बादल की घटाएं बनी रही ऐसा लगा कि अब जोरदार बारिश से पानी की कमी दूर हो जाएगी परंतु बिन बरसे काली घटाएं ना जाने कहां गायब हो गई। दिन में अनेक बार ऐसी स्थिति बनी परंतु बारिश न होने से लोग गर्मी उम्र से हैरान परेशान बने रहे। पिछले वर्ष क्षेत्र में जरूरत से अधिक बारिश के कारण नगर में बाढ़ और जल भराव की स्थिति बनी थी। रूठे इंद्रदेव को मनाने धार्मिक श्रद्धालुओं एवं किसानों द्वारा अनेक जतन किए जा रहे है।

संगठन विस्तार योजना के प्रचार पर चर्चा

भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा और अल्पसंख्यक मोर्चा की बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

विधायक कार्यालय शिवाजी सेवा सदन में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा पिछड़ा वर्ग मोर्चा की विधानसभा स्तरीय संयुक्त बैठक हुई, जिसमें नेताओं पदाधिकारी ने संगठन विस्तार और सरकार की योजनाओं का प्रचार संपर्क की चर्चा की गई।

भाजपा के दोनों संगठनों को मजबूत बनाने सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचने पिछड़ा वर्ग मोर्चा बूथस्तर तक सशक्त करने पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान भाजपा और दोनों मोर्चा के पदाधिकारी द्वारा संगठन विस्तार मजबूती की रीति नीति की रणनीति भी बनाई गई। बैठक में पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष कमल साहू भाजपा के जिला महामंत्री केशव पटेल विधानसभा क्षेत्र के मंडल अध्यक्ष अभिषेक राजपूत रेवा शंकर गोदर अभिषेक रघुवंशी भुवनेश्वर ठाकुर भाजपा जिला उपाध्यक्ष योगेश पटेल सहित अल्पसंख्यक मोर्चा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के पदाधिकारी की उपस्थिति रही।

समर्थन मूल्य खरीदी केंद्रों पर लग रही मूंग से भरी ट्रॉलियों की लाइन

सड़कों के किनारे ट्रैक्टर-ट्रालियां बन रही आवागवन में बाधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

किसान आंदोलन और सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर 60 प्रतिशत मूंग खरीदी, 10 अगस्त तक तिथि बढ़ाई जाने के साथ क्षेत्र के मूंग खरीदी केंद्रों वेयर हाउस के बाहर सड़कों पर किसानों और ट्रैक्टर ट्रालियों की संख्या बढ़ रही है। 10 दिनों में एक-एक केंद्र पर हजारों क्विंटल मूंग की खरीद तोल सबसे बड़ी चुनौती बन रही है।

10 दिनों में क्षेत्र के हजारों किसानों की मूंग की तोल हो पाएगी। इसी की शंका और जल्दबाजी में सडक़ों पर मूंग से भरी ट्रैक्टर ट्रालियों यातायात में परेशानी और बाधा बन रही है।

डेढ़ दर्जन से अधिक केंद्र

ग्रीष्मकालीन मूंग उत्पादन में विशेष स्थान रखने वाले बरेली खरगोन बाड़ी के सहकारी बैंकों के अंतर्गत कार्य करने वाली डेढ़ दर्जन से अधिक सहकारी संस्थाओं को मूंग खरीदने की जिम्मेदारी सौंप गई है। जुलाई माह में केंद्रों पर बहुत कम मात्रा में मूंग की खरीद हो पाई। पहले एक एकड़ रखवा पर एक क्विंटल 20 किलो मूंग खरीदी की नीति थी सरकार की घोषणा के बाद एक एकड़ पर लगभग तीन क्विंटल मूंग की खरीद



होगी। क्षेत्र के हजारों किसानों के पास लाखों क्विंटल रखी हुई थी। अब प्रतिदिन भारी मात्रा में मूंग खरीदी केदो पर ट्रैक्टर ट्रालियों में भरकर पहुंच रही है।

व्यवस्थाओं में कमी

मात्र 10 दिनों में एक-एक केंद्र पर हजारों क्विंटल मूंग की खरीदी के लिए वेयर हाउस बने केदो पर हम्मालों तोल बारदाने की भरपूर व्यवस्था होना जरूरी है। उहा पोह स्थिति के कारण केंद्रो पर हम्मालों की पर्याप्त व्यवस्था न होने से तोल की गति धीमी बनी रहने की शिकायतें किसानों द्वारा की जा रही है।

पुरुषों से अधिक महिलाओं के नाम कम

बरेली और बाड़ी निकायों में पहले से कम हुए मतदाता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

नगरीय निकायों के चुनाव में अभी महीनो का समय बाकी है। 2027 में चुनाव होंगे जारी मतदाता सूची में पहले की अपेक्षा बरेली और बाड़ी नगरी निकायों में क्रमशः 572 एवं 161 मतदाता कम हो गए हैं। कम हुए मतदाताओं में बरेली में महिलाओं की संख्या पुरुषों की अपेक्षा अधिक है।

बरेली नगर परिषद में पहले 14 हजार 720 पुरुष और 14 हजार 702 महिला मतदाता थी। लेकिन अब नई मतदाता सूची में 14 हजार 503 पुरुष और 14 हजार 347 महिला मतदाता है। 217 पुरुष और 355 महिला मतदाता कम हो जाने से अब कुल मतदाता संख्या पहले 29 हजार 424 के स्थान पर 28 हजार 851 रह गई है। कुल 572 मतदाता कम हो गए हैं। इसी प्रकार बड़ी नगर परिषद में पहले 8 हजार 23 पुरुष और 7



हजार 730 महिला मतदाता थे। लेकिन अब 7 हजार 929 पुरुष और 7 हजार 663 महिला मतदाता होने से 161 मतदाता कम हो गए हैं।

महिला मतदाता कम हुए

बरेली नगर परिषद की मतदाता सूची में 572 मतदाता कम हुए हैं जिनमें 217 पुरुषों की अपेक्षा 355 महिलाओं के नाम कम गए हैं। वहीं बाड़ी नगरीय निकाय में 94 पुरुषो के नाम कटे हैं। तो महिलाओं की संख्या सिर्फ 67 रही बाड़ी में पुरुषों के नाम अधिक कम हुए हैं।

मूंग उपार्जन की बढ़ी समय सीमा, बैठक में नई व्यवस्थाओं के संबंध में दी गई जानकारी

किसानों के साथ अधिकारियों की बैठक में हुई विस्तार से चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर 60 प्रतिशत मूंग की खरीदी किए जाने के साथ खाद की टोकन व्यवस्था स्थगित कर दी गई है। मूंग उपार्जन की नई व्यवस्था और जानकारी चर्चा के लिए किसान भवन में संयुक्त बैठक हुई जिसमें सहकारिता कृषि राजस्व और मूंग उपार्जन से जुड़े अधिकारियों कर्मचारियों की उपस्थिति रही। संयुक्त बैठक एसडीएम अंकित जैन उप संचालक कृषि ने विस्तार से चर्चा और जानकारियां देते हुए समीक्षा की बैठक में किसानों ने भी अपनी समस्याओं से अवगत कराया।

एसडीएम जैन की अध्यक्षता में हुई बैठक में उपसंचालक कृषि ने नई उपार्जन नीती व्यवस्थाओं के संबंध में बताया कि किसानों से 60 प्रतिशत मूंग की खरीद होगी जो किसान मूंग बैंच चुके हैं दोबारा स्लाट बुक कर सेट 35 प्रतिशत मूंग बैच सकेंगे। खाद की उपलब्धता वितरण के संबंध में भी चर्चा हुई बैठक में राजस्व संबंधी विषयों लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर



निराकरण के निर्देश दिए। योजनाओं के क्रियान्वयन में तालमेल स्थापित कर समस्याओं के निराकरण के भी निर्देश दिए।

किसानों ने रखी समस्याएं-

बैठक में किसानों ने समस्याएं रखते हुए मूंग खरीदी केद्रो की संख्या बढ़ाने मूंग की तोल धर्म कांटों पर होने मूंग की नमी अनुपात से अधिक होने पर अधिक मूंग तुलाई पर तत्काल कार्रवाई का आग्रह किया सरवियर अपने नाम की पहचान के लिए बैच लगाकर आए बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति रही।

जाहिर सूचना

मत्स्य सहकारी संस्था मर्यादित सिलपिरी, जिला विदिशा की सदस्यता सूची का प्रकाशन सोसाइटी कार्यालय के नोटिस बोर्ड, उप पंजीयक सहकारी संस्थाऐं विदिशा कार्यालय, विकासखण्ड कार्यालय विदिशा, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित विदिशा के सूचना पटल पर दिनांक 31.07.2026 को किया गया है। यदि किसी भी सदस्य को इस पर कोई दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो दिनांक 31.07.2026 से दिनांक 08.08.2026 तक को कार्यालय उप पंजीयक सहकारी संस्थाएँ जिला विदिशा में मेरे समक्ष सप्रमाण लिखित में प्रस्तुत कर सकते हैं। प्राप्त दावे एवं आपत्तियों का निराकरण सोसाइटी कार्यालय में दिनांक 10.08.2026 को दोपहर 2.00 बजे से किया जायेगा । आपत्तियों के निराकरण के दिन सदस्य उपस्थिति हो सकते हैं। आपत्तियों के संबंध में पृथक से व्यक्तिशः सूचना नहीं दी जावेगी। यदि किसी सदस्य की कोई आपत्ति है और वह उपस्थित नहीं होता है तो भी उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर आपत्तियों का निराकरण किया जावेगा ।

(किशोर कुमार अहरवाल)
रजिस्ट्रीकरण अधिकारी
मत्स्य सहकारी संस्था मर्यादित सिलपिरी जिला विदिशा



खबर संक्षेप

श्रावण के पहले सोमवार पर निकालेंगे ध्वज यात्रा

रायसेन। पहले सावन सोमवार के उपलक्ष्य में सोमवार को सोमेश्वर महादेव मंदिर समिति की ओर से विशाल ध्वज यात्रा निकाली जाएगी। सोमेश्वर धाम समिति के तत्वावधान में आयोजित इस धार्मिक आयोजन का शुभारंभ सुबह 6 बजे महामाया चौक से होगा। समिति के अनुसार ध्वज यात्रा महामाया चौक से प्रारंभ होकर सोमेश्वर धाम दुर्ग पहुंचेगी। यहां श्रद्धालु सामूहिक रूप से भगवान भोलेनाथ का विशेष पूजन-अर्चन एवं जलाभिषेक करेंगे। श्रावण मास के पहले सोमवार को लेकर शिव भक्तों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। आयोजकों ने नगरवासियों से पारंपरिक शिवभक्त वेशभूषा में यात्रा में शामिल होने का आग्रह किया है। श्रद्धालुओं से हाथों में ध्वज, त्रिशूल एवं डमरू लेकर हर-हर महादेव के जयघोष के साथ यात्रा में सहभागिता करने की अपील की गई है। समिति के राहुल परमार, भोला चौबे ने बताया कि श्रावण मास के पहले सोमवार का धार्मिक महत्व अत्यंत विशेष माना जाता है। ऐसे में नगर के श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ उठाएं।

रिटायरमेंट : दो आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की विदाई

दीवानगंज। शनिवार को प्राथमिक एकीकृत कन्या शाला दीवानगंज में दो आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के सम्मान में भावपूर्ण विदाई समारोह आयोजित किया। इस अवसर पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता कुसुमलता चतुर्वेदी (दीवानगंज) एवं सविता शर्मा (ग्राम जमुनिया) को सेवानिवृत्ति पर सम्मानित करते हुए उनके कार्यकाल की सराहना की गई। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, दीवानगंज ग्राम पंचायत के सरपंच गिरजेश नायक, सचिव रामप्रसाद मालवीय तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने दोनों सेवानिवृत्त कार्यकर्ताओं का पुष्पमाला, शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि दोनों कार्यकर्ताओं ने वर्षों तक बच्चों के पोषण, शिक्षा, टीकाकरण, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य तथा शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

नम आंखों से हरिप्रकाश सिंह को दी अंतिम विदाई

सिलवानी। क्षेत्र के सामाजिक एवं प्रतिष्ठित व्यक्तित्व पटेल हरिप्रकाश सिंह रघुवंशी निवासी मरदानपुर के निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। रविवार को उनके अंतिम संस्कार में अनेको लोग पहुंचे और भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। अंतिम यात्रा में जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी, किसान, व्यापारी, शिक्षक, युवा तथा विभिन्न समाजों के लोग शामिल हुए। हरिप्रकाश सिंह रघुवंशी अपने सरल स्वभाव, सामाजिक सेवा और जनहित के कार्यों के लिए क्षेत्र में विशेष पहचान रखते थे। उनके निधन को क्षेत्र की अपूरणीय क्षति बताया गया। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित लोगों ने उनके व्यक्तित्व एवं समाज के प्रति योगदान को याद करते हुए उन्हें विनम्र श्रद्धासुमन अर्पित किए।

कॉलोनाइजर ने बंधक प्लॉटों को भी बेचा, परेशान रहवासियों ने हाईवे पर उतरकर किया चक्काजाम

एसडीएम ने 15 दिन में समस्याओं के निराकरण का दिया लिखित आश्वासन

20 साल की हुई कॉलोनी, न सड़क मिली न पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

शहर के वार्ड 13 स्थित अवंतिका कॉलोनी में वर्षों से सड़क, बिजली, पेयजल और अन्य मूलभूत सुविधाओं से परेशान रहवासियों का गुस्सा फूट पड़ा। रविवार को सुबह से दोपहर तक महिलाओं, युवाओं और बच्चों ने पीएमश्री कॉलेज के सामने भारत माता प्रतिमा चौराहे पर सागर-भोपाल स्टेट हाईवे पर चक्काजाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने जिला व पुलिस प्रशासन, नगर पालिका और कालोनाइजर के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। आंदोलन के दौरान हाईवे के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यातायात पूरी तरह प्रभावित रहा तथा यात्री परेशान होते रहे।

कॉलोनीवासियों का कहना है कि कॉलोनी बसने के कई साल बाद भी उन्हें सड़क, बिजली, पानी जैसी बुनियादी सुविधाएं नहीं मिल सकी हैं। बरसात में कच्ची सड़कें दलदल में बदल जाती हैं। जिससे बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं का मकानों से बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है। नियमित पेयजल व्यवस्था नहीं होने से लोगों को निजी इंतजाम करने पड़ते हैं। जबकि बिजली सड़क और पानी की व्यवस्था भी पूरी तरह व्यवस्थित नहीं हो सकी है।

रहवासियों ने आरोप लगाया कि वे कई बार कलेक्टर की जनसुनवाई में शिकायतें दर्ज करा चुके हैं। इससे पहले भी दो-तीन बार चक्काजाम और प्रदर्शन किए गए। लेकिन हर बार केवल आश्वासन देकर मामला शांत करा दिया गया। धरातल पर कोई ठोस काम शुरू नहीं हुआ। इसी नाराजगी के चलते इस बार लोगों ने आर-पार की लड़ाई का ऐलान करते हुए भोपाल रायसेन सागर स्टेट हाईवे जाम कर दिया।



प्रशासन ने कालोनाइजर के कार्यालय को किया सील

चक्काजाम की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन और पुलिस मौके पर पहुंच गई। एसडीएम मनीष शर्मा, तहसीलदार भरत सिंह मंडलोई, सीएमओ सुरेखा जाटव तथा कोतवाली टीआई नरेंद्र गोयल ने पुलिस बल के साथ प्रदर्शनकारियों से चर्चा की। शुरुआत में लोग सड़क से हटने को तैयार नहीं हुए और लिखित आश्वासन की मांग पर अड़े रहे। काफी देर तक चली बातचीत के बाद जिला प्रशासन के एसडीएम मनीष शर्मा ने समस्याओं के समाधान के लिए लिखित आश्वासन दिया। इसी दौरान प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए कालोनाइजर के कार्यालय को सील कर दिया। इस कदम के बाद प्रदर्शनकारियों ने इसे सकारात्मक पहल बताते हुए चक्काजाम समाप्त कर दिया और तब कहीं जाकर यातायात सामान्य हो सका।

मौखिक आश्वासन नहीं किया जाएगा स्वीकार

आंदोलन का नेतृत्व कर रहे विकास शर्मा, हर्षवर्धन सिंह सोलंकी, रूपेश तंतवार और योगेश श्रीवास्तव, दीनबंधु तिवारी ने कहा कि अब केवल मौखिक आश्वासन स्वीकार नहीं किया जाएगा। प्रशासन को समस्याओं के समाधान की स्पष्ट समय-सीमा के साथ लिखित भरोसा देना होगा। उनका कहना था कि जिम्मेदार विभाग वर्षों से एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डालते रहे।लेकिन परेशानियां कॉलोनीवासियों को झेलनी पड़ रही हैं।

आंदोलन में हर्षवर्धन सिंह सोलंकी, विकास शर्मा, योगेश श्रीवास्तव, शैलेंद्र सक्सेना, रूपेश तंतवार, दीपक पटेल, दीनबंधु तिवारी सहित बड़ी संख्या में रहवासी मौजूद रहे। महिलाओं की भागीदारी आंदोलन का मुख्य आकर्षण रही। उन्होंने सड़क पर बैठकर जोरदार नारेबाजी करते हुए कहा कि मूलभूत सुविधाएं उनका अधिकार हैं और इसके लिए वे हर स्तर तक संघर्ष करेंगे।

रहवासी पहले भी मांगों को लेकर उठा चुके है आवाज

मालूम हो कि अवंतिका कॉलोनी में सुविधाओं को लेकर यह पहला आंदोलन नहीं है। पिछले कई वर्षों से रहवासी आवाज उठा रहे हैं, लेकिन समाधान नहीं निकला। इस बार कालोनाइजर के कार्यालय को सील करने की कार्रवाई से लोगों में उम्मीद जगी है। अब सबकी निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि अगले 15 दिनों में जिला प्रशासन और नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारी अपने वादे पर कितना खरा उतरते है।

प्रशासन को दिया अल्टीमेटम, निराकरण नहीं हुआ तो करेंगे सीएम हाउस का घेराव

प्रदर्शन समाप्त होने के बाद रहवासियों ने जिला प्रशासन को 15 दिन का अल्टीमेटम दिया। उनका कहना है कि बुनियादी सुविधाओं पर काम शुरू नहीं हुआ तो रायसेन से भोपाल तक पैदल मार्च निकाला जाएगा तथा मुख्यमंत्री निवास का घेराव कर जमकर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। लोगों ने स्पष्ट किया कि अब किसी मौखिक आश्वासन पर भरोसा नहीं किया जाएगा।

बंधक प्लॉट भी बेच दिए



प्रशासन ने कालोनाइजर का कार्यालय सील कर कार्रवाई शुरू की है। नपा परिषद में बंधक प्लॉटों को भी कालोनाइजर द्वारा विक्रय कर दिए हैं। उम्मीद है कि अब विकास कार्य भी जल्द शुरू होंगे, अन्यथा आंदोलन तेज किया जाएगा।
योगेश श्रीवास्तव, कॉलोनी रहवासी

रहवासियों की प्रतिक्रियाएं

अब तक कोरे आश्वासन



हम वर्षों से सड़क, बिजली और पानी की मांग कर रहे हैं। एक नहीं बल्कि पूरे दो दशकों से कालोनाइजर सहित प्रशासन के अफसरों के महज कोरे आश्वासन ही मिले हैं। इस बार लिखित आश्वासन मिला है, लेकिन यदि काम शुरू नहीं हुआ तो भोपाल तक पैदल मार्च करेंगे।
- विकास शर्मा, युवा नेता।

बारिश में बढ़ जाती समस्याएं



बरसात में कॉलोनी की सड़कें दलदल बन जाती हैं। पानी निकासी के पुख्ता इंतजाम भी नहीं। बच्चों और बुजुर्गों का निकलना मुश्किल हो जाता है। ऐसी स्थिति में कॉलोनी वासियों को अब चुप बैठने का सवाल ही नहीं है।
- रूपेश तंतवार, कॉलोनी रहवासी।

धरातल पर चाहिए काम



हर बार आश्वासन देकर आंदोलन खत्म कराया गया। लेकिन फिर भी बुनियादी सुविधाएं नहीं मिलीं। अब केवल धरातल पर काम ही स्वीकार होगा।
- हर्षवर्धन सिंह सोलंकी

सड़क निर्माण शुरू, 30 से 35 गांवों को मिलेगी राहत



हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज

सांची विकासखंड के दीवानगंज और अंबाडी क्षेत्र के लोगों के लिए राहत की खबर है। वर्षों से जलभराव और जर्जर सड़क की समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों की मांग आखिरकार पूरी होने लगी है।

दीवानगंज सोसाइटी के सामने 80 मीटर लंबी और अयोध्या धाम अंबाडी के सामने 10 मीटर लंबी और 3.75 मीटर चौड़ी सीसी सड़क का निर्माण कार्य शुरू हो गया है, जबकि अंबाडी स्थित अयोध्या धाम मंदिर के सामने बने बड़े गड्ढों को भरने और सड़क को समतल करने का काम भी शुरू कर दिया है। दीवानगंज सोसाइटी के सामने की सड़क लंबे समय से बदहाल थी। बारिश एवं सामान्य दिनों में भी यहां पानी भरा रहता था, जिससे किसानों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ता था। सबसे ज्यादा परेशान किसान थे।

वहीं अंबाडी के अयोध्या धाम मंदिर के सामने बने बड़े गड्ढों में भी हमेशा पानी जमा रहता था, जिससे श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों को आवागमन में कठिनाई होती थी।

पिछले वर्ष प्रधानमंत्री कार्यालय के निर्देश पर संबंधित विभाग ने दोनों स्थानों पर अस्थायी रूप से मुरम डलवाकर आवागमन सुचारु करने का प्रयास किया था, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका। लगातार मिल रही शिकायतों और सर्वे के बाद अब सीसी सड़क निर्माण का कार्य शुरू कराया गया है।

8 महीने बाद सुलझी चोरी की गुत्थी, कटनी से आरोपी गिरफ्तार, जेवर बरामद

रायसेन। जिले के देवरी थाना अंतर्गत करीब 8 माह पहले सूने मकान में हुई चोरी का पुलिस ने खुलासा करते हुए एक आरोपी को कटनी जिले से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से करीब 2 लाख रुपए के चोरी सोने-चांदी के आभूषण बरामद किए हैं। एसपी आशुतोष गुप्ता, देवरी थाना पुलिस के टीआई शैलेंद्र तोमर के अनुसार 27 दिसंबर 2025 को देवरी थाना क्षेत्र के एक मकान का ताला तोड़कर चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। चोर घर में रखे सोने और चांदी के आभूषण चोरी कर ले गया था।

फरियादी की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू की थी। जांच के दौरान पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र की मदद से आरोपी की तलाश जारी रखी। इसी क्रम में 1 अगस्त 2026 को पुलिस टीम ने जिला कटनी के रीठी थाना क्षेत्र के ग्राम बड़गांव में घेराबंदी कर गोविन्द मरावी उर्फ सन्ना (38) निवासी ग्राम घुनघुटी, हाल निवासी बड़गांव को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ के दौरान आरोपी की निशानदेही पर चोरी गए करीब 2 लाख रुपए मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण बरामद किए गए।

प्रतिदिन गुजरते हैं 10 हजार वाहन, रेलिंग को 3 से 4 फीट ऊंचा करने की स्थानीय निवासियों ने की मांग

भोपाल-विदिशा हाईवे पर हादसों को दावत दे रही बिना रेलिंग की पुलिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सलामतपुर

जिले के सलामतपुर में भोपाल–विदिशा स्टेट हाईवे-18 पर स्थित नहर की पुलिया इन दिनों राहगीरों और वाहन चालकों के लिए 'मौत का कुआँ' बन चुकी है। इस व्यस्त मार्ग की पुलिया पर मजबूत सुरक्षा रेलिंग न होने के कारण यहाँ आए दिन वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। लेकिन लोक निर्माण विभाग और संबंधित प्रशासन गहरी नींद में सोया हुआ है। विशेषज्ञों का साफ मानना है कि जब तक इस पुलिया पर कम से कम 3 से 4 फीट ऊंची सुरक्षा रेलिंग और चेतावनी संकेतक नहीं लगाए जाते, तब तक यहां हादसों का सिलसिला थमना असंभव है।

हाईवे-18 कोई साधारण मार्ग नहीं है। यहां से प्रतिदिन मध्य प्रदेश, यूपी, दिल्ली, मुंबई और गुजरात जाने वाले लगभग 10 हजार छोटे-बड़े वाहन और ओवरलोडेड ट्राले गुजरते हैं। इसी मार्ग से केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और कैबिनेट मंत्री प्रहलाद पटेल का नियमित आवागमन होता है। इसके बावजूद प्रशासनिक लापरवाही का यह आलम है कि कई शिकायतों के बाद भी समस्या वैसी ही बनी हुई है।

वीआईपी मूवमेंट के बावजूद भी समस्या जस की तस, अब रहवासियों में पनप रहा आक्रोश



दर्दनाक हादसे में मां-बेटी की जा चुकी है जान

इस पुलिया की बदहाली का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि महज़ 8 महीने पहले यहाँ संघमित्रा होटल के पास नहर वाले मोड़ पर एक भयानक दुर्घटना घटी थी।27 फरवरी को भोपाल से आ रही एक अनियंत्रित कार सीधे नहर में जा गिरी।कार में सवार एक ही परिवार के 8 लोगों में से माँ (फूलबती बाल्मीकि, उम्र 40 वर्ष) और बेटी (जमना बाल्मीकि) की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि चालक पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया था।

ट्रक गिरने से रायसेन की पानी सप्लाई रही थी ठप

हादसे यात्री वाहनों तक सीमित नहीं हैं। पूर्व में मैहर से सीमेंट भरकर भोपाल जा रहा एक भारी ट्रक (एमएच 18 बीजी 9797) रात के अंधेरे में पुलिया की पैरापेट वॉल तोड़ते हुए नहर में जा गिरा था। इस हादसे के कारण हलाली डैम से रायसेन जाने वाली मुख्य पेयजल पाइप लाइन टूट गई थी।

शिकायत पर नहीं हुई कोई कार्रवाई

भोपाल-विदिशा 18 हाईवे से वीआईपी अधिकारियों का आवागमन रहता है। पूर्व में कई बार विभाग को लिखित शिकायतें दी गईं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। आए दिन लोग नहर में गिर रहे हैं।
- रघुवीर सिंह मीणा, सरपंच, ग्राम पंचायत रातातलाई।

नगर परिषद की पहल से यात्रियों व वाहन चालकों को मिलेगी राहत

बस स्टैंड की बदलेगी तस्वीर, सीसी रोड निर्माण शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी



नगर के प्रमुख बस स्टैंड परिसर में लंबे समय से जर्जर सड़क के कारण यात्रियों, वाहन चालकों और स्थानीय व्यापारियों को हो रही परेशानी अब जल्द समाप्त होने वाली है। नगरीय क्षेत्र अधोसंरचना विकास कार्य योजना के अंतर्गत नगर परिषद सिलवानी द्वारा बस स्टैंड परिसर में कंक्रीट सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ करा दिया गया है। निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है तथा इसके पूर्ण होने के बाद शेष परिसर में डामरीकरण कराया जाएगा, जिससे पूरे बस स्टैंड क्षेत्र की सड़कें बेहतर और सुगम बन सकें।

जानकारी के अनुसार बस स्टैंड परिसर में यात्री प्रतीक्षालय तथा शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के चारों ओर लगभग 100 मीटर लंबाई में कंक्रीट सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। निर्माण एजेंसी के कर्मचारी, नगर परिषद के अधिकारियों की निगरानी में निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप कार्य कर रहे हैं। निर्माण सामग्री की गुणवत्ता तथा तकनीकी मापदंडों का विशेष ध्यान रखा जा रहा है ताकि सड़क लंबे समय तक टिकाऊ बनी रहे।

उल्लेखनीय है कि बस स्टैंड परिसर की सड़क काफी समय से क्षतिग्रस्त थी। जगह-जगह बने गड्ढों के कारण बसों, चार पहिया और दोपहिया वाहनों के संचालन में कठिनाई होती थी। बारिश के दौरान इन गड्ढों में पानी भर जाने से दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती थी। खुले हिस्से में डामर सड़क का निर्माण किया जाएगा, जिससे पूरे परिसर का स्वरूप एक समान और व्यवस्थित दिखाई देगा। इससे बसों के आवागमन में सुविधा बढ़ेगी, जलभराव की समस्या कम होगी तथा यात्रियों को बेहतर परिवेश उपलब्ध होगा।

गौरतलब है कि नगरीय क्षेत्र अधोसंरचना विकास कार्य योजना के तहत नगर के विभिन्न वार्डों में लगभग एक करोड़ रुपये की लागत से चार विकास कार्य स्वीकृत किए हैं। बस स्टैंड परिसर का सड़क निर्माण भी इन्हीं महत्वपूर्ण कार्यों में शामिल है। लोगों और व्यापारियों ने नगर परिषद की इस पहल का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई है कि निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण होगा और नगर की यातायात व्यवस्था को नई गति मिलेगी।

नप अध्यक्ष रेशु विभोर नायक ने कहा कि नगर परिषद का उद्देश्य लोगों को सुरक्षित, सुविधाजनक और बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना है। बस स्टैंड परिसर नगर का प्रमुख सार्वजनिक स्थल है, यहां गुणवत्तापूर्ण कंक्रीट सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। पैदल आने-जाने वाले यात्रियों, बुजुर्गों और महिलाओं को भी आवागमन में भारी असुविधा का सामना करना पड़ता था।

नगर परिषद ने नागरिकों की लगातार मिल रही शिकायतों और बस स्टैंड की बढ़ती उपयोगिता को ध्यान में रखते हुए इस निर्माण कार्य को प्राथमिकता दी है। अधिकारियों का कहना है कि कंक्रीट सड़क बनने के बाद शेष

उपाध्यक्ष अशोक सिंह ने सादगी से मनाया जन्मदिन, किया पौधरोपण

आतंकी हमले में शहीद हुए लोगों के प्रति व्यक्त की संवेदना

हरिभूमि न्यूज ⏭ गैरतगंज

नगर परिषद उपाध्यक्ष अशोक सिंह ठाकुर (नेताजी) ने देश के प्रति अपनी संवेदनशीलता और राष्ट्रीय कर्तव्य की मिसाल पेश करते हुए अपना जन्मदिन पूरी सादगी के साथ मनाया। कश्मीर में हुए हालिया आतंकी हमले में शहीद हुए नागरिकों और प्रभावित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए नेताजी ने जन्मदिन के सभी भव्य कार्यक्रमों को निरस्त कर दिया।

नेताजी ने कहा कि जब देश आतंकी हमले के कारण शोकाकुल है, ऐसे समय में किसी भी प्रकार का उत्सव या समारोह मनाना उचित नहीं है। उन्होंने हमले में दिवंगत हुए लोगों की आत्मा की शांति और शोकाकुल परिजनों को इस अपार दुख को सहने की शक्ति देने की ईश्वर से प्रार्थना की।



समर्थकों व वार्डवासियों का लगा रहा तांता

जन्मदिन का औपचारिक कार्यक्रम रद्द होने के बावजूद दिन भर उनके निवास स्थान पर समर्थकों, शुभचिंतकों और विभिन्न वार्ड के निवासियों का आना-जाना बना रहा। लोगों ने सादगी भरे इस कदम की सराहना करते हुए नेताजी को जन्मदिवस की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल एवं दीर्घायु भविष्य की कामना की।

पौधरोपण और संतों का सानिध्य

उत्सव रद्द करने के बाद उन्होंने अपने जन्मदिवस पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधरोपण किया। साथ ही उन्होंने संतों के दर्शन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की।